# NOTE FOR JUSTIFICATION FOR FOREST LAND

**कार्य का नाम–** राज्य योजना के अन्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री की घोषणा में जनपद चमोली में विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग में लंगासू–उतरों–चमाली–स्वर्का मोटर मार्ग का नव निर्माण।

यह मोटर मार्ग एन0एच0 58 के कि0मी0 405 से प्रारम्भ होकर ग्राम उतरो, चमाली, स्वर्का एवं धलकाचुला तक 10.550 कि0मी0 की लम्बाई में निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावति हैं। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी वर्तमान में गांव की महिलाए पानी लकडी, चारा आदि लाने दूर जाती है मार्ग निर्माण के पश्चात उनका बहुमूल्य समय बचेगा साथ ही वे अपने घर और बच्चों को अधिक समय दें पाऐंगी। गॉव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के ओर नए अवसर मिलेंगें। ग्रामवासी अपने उत्पादित फल, सब्जी, अनाज, आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पायेंगे। साथ ही गाव विकास की ओर अग्रसर होगा तथा स्थानीय लोगों को राजेगार के अवसर प्राप्त होंगें।

**समरेखण–1** यह समरेखण एन0एच0 58 के कि0मी0 405 से प्रारम्भ होकर ग्राम उतरो, चमाली, स्वर्का एवं धलकाचुला तक जाता हैं। इस समरेखण पर क्षेत्रिय जनता की सहमति हैं तथा भू–गर्भ वेता द्वारा भी समरेखण को मार्ग निर्माण हेतु उपयुक्त पाया गया है। इस समरेखण में हेयरपिन बैण्ड 16 है तथा वृक्षों की संख्या कम प्रभावित होती हैं।

**समरेखण–2** यह समरेखण एन0एच0 58 के कि0मी0 405 से प्रारम्भ होकर ग्राम उतरो, चमाली, स्वर्का एवं धलकाचुला तक जाता हैं। तथा इस समरेखण से क्षेत्रिय जानता भी सहमत नहीं हैं एवं भू–गर्भ वेता द्वारा मार्ग निर्माण हेतु अनुपयुक्त पाया गया हैं। इस समरेखण में हेयरपिन बैण्ड 21 है तथा वृक्षों की संख्या अधिक प्रभावित होती हैं।

उपरोक्त दोनों समरेखण के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक समरेखण उपलब्ध नहीं हैं। अतः मार्ग निर्माण हेतु संमरेखण न0–1 उपर्युक्त हैं।

सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0
गौचर (चमोली)

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0
गौचर (चमोली)